# औद्योगिक विकास में सहायक होगी पीएम गतिशक्ति योजना : नन्द गोपाल

## पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान पर कार्यशाला का आयोजन

**राब्यू, जागरण● लखनऊ:** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने कहा है कि पीएम गतिशक्ति योजना प्रदेश के औद्योगिक विकास में सहायक होगी। इससे औद्योगीकरण को नई गति मिलेगी और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश को निवेशकों के लिए सबसे अनुकूल राज्य बनाना है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान को लेकर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से राज्य में स्थापित होने वाले उद्योगों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश अग्रणी निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। प्रदेश में देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे व हवाई अड्डे हैं।



औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्यशाला का शुभारंभ करते। साथ में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश व अन्य ●सूचना विभाग

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान कनेक्टिविटी में सुधार और निवेश आकर्षित करने का एक बड़ा माध्यम है। इसके जरिये उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में काफी मदद मिलेगी। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि योजना का उद्देश्य पूरे भारत में मल्टीमोडल कनेक्टिविटी प्रदान करना है। पीएम गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से अब किसी भी स्थान के उद्योग को देखा जा सकता है।

उत्तर प्रदेश लगातार तीसरे वर्ष लाजिस्टिक्स ईज एक्रास डिफरेंट स्टेट्स (लीड्स) रैंकिंग में 'अचीवर स्टेट' बना है। कार्यशाला का आयोजन भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष उपयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान (बीआइएसएजी-एन) के सहयोग से किया गया था।

### लैंड बैंक बढ़ाएं औद्योगिक विकास प्राधिकरण : नंदी

**राब्यू, जागरण● लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश देश के विकास का इंजन बन गया है। प्रदेश में निर्माण क्षेत्र की स्थापना से उद्योगों का विकास होगा। उन्होंने सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों को लैंड बैंक बढ़ाने के साथ ही भूमि के आवंटन की प्रक्रिया और तेज करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को पिकअप भवन में वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों व कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की। डेलायट इंडिया ने अर्थव्यवस्था की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया।